**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 1 सितंबर 2026, समय 13:05 (5 मिनट)**

केंद्र सरकार ने बिना किसी शुल्क के आयात की गई कच्ची चीनी के प्रसंस्करण और बिक्री की समय सीमा में बदलाव किया है। आयातकों को कच्ची चीनी की खरीद की तारीख से अधिकतम दो महीने के भीतर इसे सफेद चीनी में बदलकर घरेलू बाजार में बेचना अनिवार्य होगा। इससे पहले यह समय सीमा 31 अक्तूबर  निर्धारित की गई थी। सरकार का यह फैसला अगस्त से नवंबर के बीच आने वाले त्योहारों के मद्‌देनजर आया है।

*************************************************************************

सर्वोच्च न्यायालय ने तेजाब की खुदरा बिक्री को नियंत्रित करने के लिए केंद्र सरकार से इसकी बिक्री पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाने के बारे में जानकारी मांगी है। यह निर्देश वर्ष 2013 में दिए गए निर्देश के बावजूद तेजाब की आसानी से उपलब्धता पर चिंताओं के बीच आया है।न्यायालय ने केंद्र, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को छह सप्ताह के भीतर तेजाब हमले के पीड़ितों के पुनर्वास के लिए उचित नीति तैयार का भी निर्देश दिया है।

*************************************************************************

भारत निर्वाचन आयोग ने हरियाणा में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान की तारीख़ों में फिर से बदलाव किया है।संशोधित कार्यक्रम के अनुसार दावे एवं आपत्तियां 31 जुलाई से 30 सितंबर तक दाखिल की जा सकेंगी। दावे एवं आपत्तियों का निपटारा 31 जुलाई से 28 अक्तूबर तक होगा।मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन अब 6 नवंबर को होगा।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ए श्रीनिवास ने बताया कि राज्य के मतदाताओं के हितों का ध्यान रखते हुए चुनाव आयोग ने तारीखों में बदलाव किया है। इससे उन पात्र नागरिकों को राहत मिलेगी जो किसी कारणवश निर्धारित अवधि में मतदाता सूची से संबंधित दावा या आपत्ति दर्ज नहीं करा सके हैं। उन्होंने कहा कि यदि किसी पात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं है, तो फॉर्म-6 के माध्यम से नाम शामिल करवाने के लिए आवश्यक दस्तावेजों तथा घोषणा-पत्र सहित दावा प्रस्तुत किया जा सकता है।

*************************************************************************

हरियाणा के करनाल जिले के तरावडी में गुरु तेग बहादुर महिला महाविद्‌यालय का रुका हुआ निर्माण कार्य अगले दो महीनों में फिर से शुरू होगा। विधानसभा के मॉनसून सत्र में एक सवाल का जवाब देते हुए शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने बताया कि इस परियोजना का 85 प्रतिशत काम पहले ही पूरा हो चुका है। मुकदमेबाजी के चलते 5 जुलाई 2023 को काम रोक दिया गया था।

अब विभाग ने इस परियोजना के लिए 3 अगस्त को 22 करोड़ 371 लाख 35 हजार रुपये की पुनः संशोधित प्रशासनिक मंजूरी दे दी है। शिक्षा मंत्री ने चेतावनी दी है कि काम में ढिलाई बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**********************************************************************

हरियाणा खाद्य विभाग ने एनालॉग पनीर की बिक्री पर प्रतिबंध के मद्देनजर कुरुक्षेत्र की एक मिठाई की दुकान और एक डेयरी पर छापेमारी की। इस दौरान पनीर के कुल तीन नमूने लिए गए, जिन्हें जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. अमित ने बताया कि जांच रिपोर्ट में पनीर निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं पाए जाने पर संबंधित धाराओं के तहत कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने बताया कि विभाग ने एनालॉग पनीर की बिक्री पर प्रतिबंध लगाया हुआ है।

**********************************************************************

पलवल के नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम में आज शिक्षा विभाग द्वारा जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सरकारी एवं गैर सरकारी स्कूलों के करीब 800 बच्चों ने भाग लिया। सहायक मौलिक शिक्षा अधिकारी जसबीर तेवतिया ने बताया कि यह प्रतियोगिता अंडर 11 आयु वर्ग की आयोजित की जा रही है,जिसमें कक्षा 3 से 5 कक्षा तक के 800 बच्चे भाग ले रहे है।

उन्होंने बताया कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पूरे प्रदेश भर से पांच हजार बच्चे खेलों में भाग लेगें।

**********************************************************************

हरियाणा की समृद्ध लोक कला एवं सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित और बढ़ावा देने के उद्देश्य से 2 सितंबर को कुरुक्षेत्र में राज्य स्तरीय बीन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। ये प्रतियोगिता हरियाणा कला परिषद के बहु कला सांस्कृतिक केंद्र में प्रात: 10 बजे आयोजित होगी।

एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग द्वारा आोयजित इस प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से चयनित बीन दल अपनी लोक कला और सांस्कृतिक प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले दल को 75 हज़ार रुपए, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले दल को 60 हज़ार रुपए और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले दल को 50 हज़ार रुपए पुरस्कार राशि दी जाएगी। इसके अलावा 10 हज़ार रुपए के पांच सांत्वना पुरस्कार भी दिए जाएंगे।

**********************************************************************